

# समन्वय से ही होगा मुरैना का सुनियोजित विकास : पवैया

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि मुरैना के

**राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष बोले निकायों को आत्मनिर्भर बनाना होगा**

समेकित और सुनियोजित विकास के लिए सभी विभागों, विकास प्राधिकरणों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

श्री पवैया गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित राज्य वित्त आयोग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पंचायतों, नगर निगम और नगरीय निकायों के विकास से जुड़े विषयों पर जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। श्री पवैया ने निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, राजस्व स्त्रोत बढ़ाने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया।

उन्होंने मुरैना में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने, सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने और शहर के आसपास सुनियोजित आवासीय कॉलोनियों के विकास का सुझाव भी दिया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था, जलभराव और नगर निगम की राजस्व वसूली को मजबूत करने संबंधी सुझाव रखे। बैठक में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, विधायक सरला रावत, विधायक दिनेश गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्य वित्त आयोग सदस्य केके सिंह एवं सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।



# चंबल के रिठौराखुर्द-गुढ़ा घाट पर नष्ट कराया 7650 ट्रॉली रेत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ पुलिस, खनिज विभाग, वन विभाग और एसएएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी

**पुलिस, वनविभाग की संयुक्त कार्रवाई, 1.53 करोड़ रूपये आंका गया रेत का मूल्य**

कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित रेत को नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान रेत परिवहन में उपयोग किए जा रहे रास्तों को भी जेसीबी मशीन से अवरुद्ध कर दिया गया।

संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सरायछौला क्षेत्र के



रिठौराखुर्द घाट एवं देवगढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़ा एवं नंदपुरा घाटों पर दविश दी। टीम को मौके पर 7650 ट्रॉली रेत डंप किया हुआ मिला। जिसका बाजारू मूल्य 1 करोड़ 53 लाख रूपये आंका गया। डंप किए गए इस रेत को टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से नष्ट कराया।

इस दौरान टीम ने घाटों पर रेत के परिवहन के रास्तों पर गहरे गड्ढे भी खुदवाए। कार्रवाई में सरायछौला थाना प्रभारी केके सिंह, देवगढ़ थाना प्रभारी जयपाल गुर्जर, वन विभाग की रेंजर टिंकी तोमर तथा एसएएफ के 50 जवानों सहित करीब 70 कर्मचारी शामिल थे।



# चंबल की रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, ड्राईवर फरार

**मुरैना, 21 मई ।** सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया है। जब्त वाहन की कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 20 मई को मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक वाहन तेज गति से भगाने लगा, लेकिन घेराबंदी के दबाव में बीच रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई शेरसिंह यादव सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## 10 घरों में बायपास सप्लाई लेकर कर रहे थे बिजली चोरी

**मुरैना/जौरा, 21 मई ।** बिजली चोरी रोकने चलाए जा रहे अभियान में विद्युत विभाग ने बुधवार को नगर में बड़ी कार्रवाई की। आकस्मिक चेकिंग के दौरान 10 उपभोक्ताओं के यहां बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए। सहायक यंत्री पीएस यादव व कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा की टीम ने एमएस रोड और



पचबीघा क्षेत्र में अचानक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई घरों में अवैध कनेक्शन मिले। कार्रवाई के दौरान ब्रजमोहन धाकड़, रजत शर्मा, रघुवीर सिंह, विनोद प्रजापति, अनिल उमरिया सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं बकाया बिल नहीं जमा करने वाले दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी काटे गए।

# सूचना व संचार क्रांति के जनक थे स्व. राजीव गांधी : मधुराज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर बाजार स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि, किया नमन**



आयोजित की गई। कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि राजीव गांधी ने नए भारत की कल्पना को साकार करने के साथ सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने उन्हें देश में दूरसंचार और कंप्यूटर क्रांति का सूत्रधार बताते हुए मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करने तथा जवाहर नवोदय विद्यालय जैसी दूरदर्शी पहल को याद किया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति राधारमण डंडौतिया, शहर कांग्रेस प्रवक्ता अमनीश कटारे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में वीरेंद्र हर्षाना, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गांधी, मंजू सिकरवार, हरीश पाठक, विनोद शर्मा, आशिफ कुरेशी, अब्दुल रज्जाक पटेल, राजेश राठौर, रहीस खान, बलवीर दौनेरिया, सुनील जैन, हमीद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### जौरा में गांधी वाचनालय में हुई पुष्पांजलि सभा, विचार गोष्ठी

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को कस्बा जौरा के गांधी वाचनालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत और संचार क्रांति का जनक बताया और राष्ट्र के नव निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में डॉ. मुरारीलाल अमर, रामहेत त्यागी, राजेश सिंहल, दीपक यादव, शाहबुद्दीन उस्मानी, देवेन्द्र मिश्रा, पवन कटारे आदि उपस्थित थे। संचालन ओमप्रकाश सखलेचा ने किया।

# विद्युत लाईन को काटकर तार चुराने वाला गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** देवगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार और चोरी किए गए विद्युत लाईन के तारों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और चोरी किया गया तार बरामद किया है।

**चुराए गए तार समेत कट्टा, राउण्ड जब्त, देवगढ़ पुलिस की कार्रवाई**



थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि खिटौरा गांव में विद्युत लाईन के तार चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंचीं तो वहां ग्रामीणों के सहयोग से एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली लाईन के तार चोरी किया जाना कुबूल किया। पुलिस ने उसके पास से चुराए गए तार के साथ 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए है। कार्रवाई में एएसआई कन्हैया सिंह सिकरवार, प्र.आर. चंद्रशेखर, विपिन, आरक्षक दिलशाद, शैलेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, धीरेंद्र शर्मा, नरेंद्र, आरक्षक चालक बांकेलाल शामिल रहे।

## एक नजर में



### दिव्यांगों के अधिकार व संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**मुरैना, 21 मई ।** विकलांग बल की जिलास्तरीय बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, दिव्यांग अधिकारों के संरक्षण तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विकलांग बल के उप प्रधान हेमंत सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता चंबल संभाग प्रभारी विक्रम सिंह एडवोकेट ने की। बैठक में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करवाने पर जोर दिया गया। बैठक में संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपने पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ वृद्धजन एवं विधवा महिलाओं को भी संगठन से जोड़कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश और केंद्र सरकार तक निरंतर पत्राचार किया जाएगा।

### रंगदारी के केस में 3 माह से फरार जगराम गिरफ्तार

**मुरैना ।** नगरा पुलिस ने फायरिंग, रंगदारी की धाराओं में दर्ज प्रकरण में तीन माह से फरार चल रहे बदमाश जग्गा उर्फ जगराम तोमर पुत्र मदन सिंह तोमर निवासी चापक को 21 मई को मुरैना शहर के उत्तमपुरा इलाके से दबोच लिया। एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफपहले से हत्या प्रयासए आर्म्स एक्टए एनडीपीएस और चोरी सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा राउण्ड बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बदमाश जगराम के विरुद्ध मुरैना जिले के बानमोर, नगरा पुलिस थानों में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखदेव सिंह चौहान, चौकी प्रभारी रजौधा सोबरन सिंह यादव, महेश धाकरे, मधुराज सिंह भदौरिया, धीरज सिंह, प्रीतम सिंह, राजकुमार, वीरसिंह, रामानंद, गोविंद सिंह, कल्याण, सुनील सिंह, दीपक पचौरी, प्रदीप सिंह, राहुल सिंह और आरक्षक चालक घनेन्द्र जाट शामिल थे।



### बिना नंबर-दीगर रूट पर दौड़ रहे 100 ई-रिक्शा जब्त

**मुरैना ।** शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर तीन दिनों में 100 ई-रिक्शा जब्त किए। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई कर समन शुल्क भी वसूला गया। यातायात थाना प्रभारी संतोष भदौरिया और उनकी टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज, बिना नंबर प्लेट, ओवर लोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और यातायात बाधित करने वाले ई-रिक्शाओं को जब्त किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# अंबाह में 4 प्रतिष्ठानों से लिए आइसकैंडी-मिश्रित दूध के सैंपल

**मुरैना, 21 मई ।** भीषण गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर



अंकुश लगाने के लिए फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने अंबाह में 4 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। इन प्रतिष्ठानों से आइसकैंडी एवं मिश्रित दूध के नमूने एकत्रित किए गए। एफएसओ गिरीश राजौरिया की टीम ने गुरूवार को पहली कार्रवाई अंबाह में जग्गा रोड पर स्थित लक्ष्मी आइसक्रीम सेंटर पर की। टीम ने यहां से आइसकैंडी का सैंपल लिया। इसी क्रम में जैन बगीची स्थित श्याम डेयरी से मिश्रित दूध, कसमढ़ा गांव स्थित अम्बिका डेयरी और कस्बा अंबाह में पूठ रोड स्थित श्याम डेयरी से मिश्रित दूध के सैंपल लिए गए। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पर्सनल हाईजीन के बारे में जानकारी दी और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# फायरिंग के केस में 6 गिरफ्तार, 5 हथियार, 13 राउण्ड बरामद



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संजय कॉलोनी इलाके में 19 मई को ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने 21 मई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 315 बोर के तीन एवं 12 बोर के 2 तमंचे और एक 315 बोर अधिया समेत 13 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।

**19 मई को शहर के संजय कॉलोनी इलाके में हुई थी घटना**

जानकारी के अनुसार राकेश सिंह सिकरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 मई की रात करीब 3 बजे कार्तिक परमार उर्फ रितुल अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हवाई फायरिंग की। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 21 मई को पुलिस ने घटना में शामिल रहे रितुल उर्फ कार्तिक परमार नि. संजय कॉलोनी, पुष्पेन्द्र पुत्र किसान सिंह भदौरिया नि. भिंड, आलोक भदौरिया पुत्र योगेन्द्र भदौरिया नि. भिंड, मनु तोमर पुत्र राजेश तोमर नि. ग्राम बकनासा भिंड, अभिषेक तोमर पुत्र अजय तोमर नि. भिड़ौसा एवं संजू राजावत पुत्र मनोज राजावत नि. भिंड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 5 कट्टा और एक अधिया सहित 13 जिंदा कारतूस बरामद किए। कार्रवाई में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया सहित उनकी टीम शामिल थी।

# फल गोदाम में चल रहा था जुए का फड़, 7 गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जौरा रोड पर

**सिविल लाईन पुलिस की कार्रवाई 31 हजार नकदी बरामद**

मां-बेटी चौराहे के पास स्थित एक फल गोदाम में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से जुआ खेल रहे 7 लोगों को पकड़ा। जिनमें कुन्दन सिह कुशवाह नि. सोलंकी पम्प के पास जौरा रोड, रवि गौड़ नि. न्यू हाउसिंग बोर्ड कालौनी, राजवीर जाटव नि. गड़ौरापुरा, दशरथ कुशवाह नि. प्रेमनगर, चरनसिंह जाटव नि. गोपालपुरा, रिंकू राठौर नि. जौरी, लालू राठौर नि. आजाद नगर मुरैना शामिल है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से नकदी 31 हजार पांच सौ रूपये और ताश की गड्डी जब्त की है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई अजय वैशांदर, एएसआई कैलाश शर्मा और पुलिस टीम शामिल थी।

## आज पोरसा में 5 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना/पोरसा, 21 मई ।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शुक्रवार 22 मई को 11 केवी सिटी नंबर-2 फीडर पर संधारण कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी एई इंद्रेश्वर सिंह ने बताया कि संधारण कार्य के कारण किर्रायच रोड, भिंड रोड, गोकुलपुरा, दुर्ग का पुरा, धनेटा रोड, धनेटा गांव, पूठा, गांधीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कार्य की प्रगति के अनुसार सप्लाई बंद रहने की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।



# ब्राह्मण समाज में जागरुकता व ब्रह्म स्वर के विस्तार पर मंथन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 मई ।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा मप्र इकाई की बैठक बुधवार को मीडिया सेंटर

**राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित**

ग्वालियर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और युवाओं की भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पांडे रहे, अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष दिनेश डंडौतिया ने की। संचालन प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र बालौठिया ने किया।

बैठक में समाज की वैचारिक पत्रिका ब्रह्म स्वर को प्रदेश के प्रत्येक जिले तक पहुंचाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक में महलगांव ग्वालियर के जितेन्द्र खेमरिया को युवा इकाई का प्रदेशाध्यक्ष घोषित किया। राष्ट्रीय महासचिव रुद्र शर्मा को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. केशव पाण्डेय ने कहा कि सामाजिक संगठनों की भूमिका समाज को जागरूक और संगठित बनाने में महत्वपूर्ण होती है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश डंडोतिया ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत कर समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ जोड़ने का कार्य किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।